हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 मई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 जनहित के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करें...

07 प्रशिक्षणार्थियों की सेहत से खिलवाड़ दूषित खाने से पांच...

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय गिद्ध गणना में मिले 863 गिद्ध

फरवरी 2026 में हुई गणना के मुकाबले इस बार बढ़ी गिद्धों की संख्या, अनुकूल हो वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना पूर्ण हुई है। तथा 800 से अधिक गिद्ध इस दौरान समूचे एसटीआर के वन्यजीवों तथा पक्षियों के अनुकूल प्राकृतिक पर्यावास में पाए गए हैं।

एसटीआरके जंगलों में प्राकृति रूप से अपशिष्ट प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में बढ़ोतरी नज़र आ रही है। यह पर्यावरण एवं वन्यजीव प्रेमियों के लिये सुखद खबर है कि रिजर्व में गिद्धों की संख्या का आंकड़ा तीन महीनों में ही बढ़ा है। यह सुखद खबर गत दिवस पूर्ण हुई गिद्ध गणना के अंतिम आंकड़ों के रूप में सामने आई है। रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष कुमार खोबरागढ़े ने ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना बावत बताया है कि तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना पूर्ण हुई है। तथा 800 से अधिक गिद्ध इस दौरान समूचे एसटीआर के वन्यजीवों तथा पक्षियों के अनुकूल प्राकृतिक पर्यावास में पाए गए हैं। जानकारी अनुसार फरवरी 2026 में हुई शीतकालीन गणना के मुकाबले इस बार गिद्धों का आंकड़ा करीब दोगुना हो गया है। जानकारी अनुसार इस बार की ग्रीष्मकालीन गणना में कुल 863 गिद्ध दर्ज हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार रिजर्व में पाए गए कुल गिद्धों में 816 भारतीय देशी, 19 सफेद पीठ वाले और 28 सफेद गिद्ध शामिल हैं। सहायक संचालक आशीष खोबरागढ़े ने बताया कि प्रदेशव्यापी अभियान के तहत एसटीआर की सभी 186 बीटों में 500 वनकर्मियों ने गणना की।

दिवसवार आंकड़े

- पहले दिन 245 गिद्ध मिले। इनमें भारतीय देशी गिद्ध 236, सफेद पीठ वाला पांच गिद्ध एवं चार सफेद गिद्ध दिखे।
- द्वितीय दिवस 315 गिद्ध मिले। इनमें 299 भारतीय देशी गिद्ध, सफेद पीठ वाले पांच तथा सफेद गिद्ध 11 दर्ज हुए।
- तृतीय दिवस कुल 303 गिद्ध पाए गए। इनमें 281 भारतीय देशी गिद्ध, नौ सफेद पीठ वाले गिद्ध एवं 13 सफेद गिद्ध दर्ज हुए।



मध्य प्रदेश में सात प्रजातियां

मप्र वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में गिद्धों की कुल सात प्रजातियां पाई जाती हैं। जिनमें से चार प्रजातियां स्थानीय हैं एवं तीन प्रजातियां प्रवासी हैं। प्रवासी प्रजातियों के गिद्ध ठंड के समाप्त होते ही वापस अपने मूल स्थान पर चले जाते हैं। जानकारी अनुसार प्रथम चरण की गणना तब की जाती है जब सभी प्रजातियों के गिद्ध घोसला बनाकर अपने अंडे दे चुके होते हैं, या देने की तैयारी में होते हैं। फरवरी माह आने तक अंडों से नवजात गिद्ध निकल चुके होते हैं। इसलिए गणना करने के लिए शीत ऋतु का अंत समय उचित होता है। ताकि स्थानीय तथा प्रवासियों गिद्धों की गणना हो सके।

फरवरी 26 का आंकड़ा

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना कार्य में संलग्न व व्यस्त रहे अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा वर्ष में दो बार गिद्धों की गणना की जाती है। यह गणना ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन कही जाती है। इस वर्ष की शीतकालीन गणना की शुरुआत 20 फरवरी 2026 को की गई थी। जिसका समापन रविवार 22 फरवरी 2026 को हुआ था। उक्त शीतकालीन सत्र के इस गणना में कुल 482 गिद्ध देखे गए थे। साथ ही कल 397 घोंसले देखे गए थे।

गिद्ध महत्वपूर्ण अंग

सर्वविदितत है कि वनों में तथा आबादी के आसपास भी गिद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र के लिये अति महत्वपूर्ण घटक होते हैं। गिद्ध प्राकृतिक रूप से मृत पशुओं के पूर्ण अपघटन में सहायक होते हैं। साथ ही गिद्ध पर्यावरण को सफाक तथा स्वच्छ बनाए रखने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनकर्मियों ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा गिद्ध संरक्षण एवं उनके आवासों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जिसमें सफलता भी प्राप्त हो रही है। इसका प्रमाण समक्ष है कि जहां फरवरी 2026 में गिद्धों की संख्या 500 के अंदर थी। वहीं मई माहांत की गणना में यह संख्या 800 से अधिक हो गई है।

नेशनल हाईवे पर रॉयल ढाबे के समीप दुर्घटना, दो की मौत

एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरौटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोरलेन पर स्थित रॉयल ढाबे के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन दोनों में से किसी को भी बचाया नहीं जा सका।

एक की घटनास्थल और दूसरे की अस्पताल में मौत

जानकारी के अनुसार, फोरलेन हाईवे पर रॉयल ढाबे के समीप अज्ञात कारण से हुए इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे युवक को गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस द्वारा तुरंत इटारसी के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पथरौटा थाना पुलिस की टीम भी सक्रिय हो गई है। पुलिस ने शवों को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त और दुर्घटना के कारणों का सटीक पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल हेतु आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 हेतु आवेदन एवं नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया 01 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे आवेदन कर सकते हैं। नामांकन एवं आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

इटारसी में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ईद-उल-अजहा (बकरा ईद) पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से सोमवार को रेस्ट हाउस में प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने त्योहार के दौरान पानी, सफाई, बिजली, सड़क मरम्मत और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने का

आश्वासन दिया।बैठक में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की।

सीएम हेल्पलाइन में अधिक वेटेज स्कोर रहने पर अधिकारियों को प्रदान किए गए प्रशस्ती पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्रेडिंग माह अप्रैल के दौरान अधिकारियों द्वारा सकारत्मक प्रयास किया गया। किंतु कुछ विभागों के प्रदर्शन अपेक्षा अनुरूप नहीं रहे हैं वे सभी विभाग अपनी अपनी स्थिति आगामी ग्रेडिंग माह में सुधारें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपेक्षा अनुरूप प्रदर्शन करते हुए आगामी माह में प्रदेश स्तर पर टॉप फाइव रैंकिंग के लिए प्रयास करें। इसी के साथ उन्होंने सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाए जाने के साथ ही जुर्माना राशि को रेड क्रॉस सोसाइटी में जमा किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने शिकायतों के निराकरण में

अपेक्षाकृत अच्छा कार्य करने पर तथा कुल वेटेज स्कोर 90 प्रतिशत होने पर संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। कलेक्टर नें प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नीता कोरी एवं महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सुश्री साक्षी पटेल को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।

केंद्रीय जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह मई 2026 को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में निरूद्ध बंदियो हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से डॉ, अंकिता मेहतो (PGMO) मन कक्ष से सुश्री नाजिया सिद्धिकी

(क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), श्री कांति यदुवंशी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा परिरूद्ध 06 पुरुष बंदी एवं 12 महिला बंदी कुल 18 बंदियो की स्क्रीनिंग कर परामर्श एवं उपचार दिया गया। आयोजित शिविर के दौरान श्री संतोष जेल अधीक्षक श्री प्रह्लाद सिंह बरकडे उप-अध्यक्ष, श्री हितेश बंदिया सहायक-अध्यक्ष जेल, डॉ चौधरी अष्टकोण अधिकारी, डॉ. चौधरी रिया तारूआ (मेडिकल प्रोफेसर), इंदुराज भंडारी (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ सहायक रहते हैं।

इटारसी में मानवता को झकझोर देने वाली घटना, 108 एंबुलेंस पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में सोमवार दोपहर को मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई। सैलानी बाबा क्षेत्र स्थित बड़कुल क्लीनिक के सामने एक लावारिस अवस्था में गंभीर हालत में पड़े व्यक्ति को समय पर उपचार नहीं मिल सका और तड़पते हुए उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और संवेदनाओं का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति काफी देर से बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। उसकी स्थिति गंभीर दिखाई देने पर क्षेत्रवासियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को

सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची भी, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि एंबुलेंस कर्मियों ने व्यक्ति की हालत देखने के बावजूद उसे अस्पताल ले जाने में गंभीरता नहीं दिखाई।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि एंबुलेंस चालक ने यह कहते हुए मरीज को ले जाने से इंकार कर दिया कि वह अकेला है और उसके पास व्यक्ति को उठाकर वाहन में रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके बाद एंबुलेंस मौके से वापस चली गई, जबकि बीमार व्यक्ति सड़क किनारे तड़पता रहा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उसे अस्पताल पहुंचा दिया जाता तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी।

घटना के कुछ ही मिनटों बाद उस अज्ञात व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।

सिंधी भाषा शिविर के समापन अवसर पर बच्चे हुए पुरस्कृत

शिक्षिकाओं का भी हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिन्धी साहित्य अकादमी मप्र, पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं भारतीय सिंधु सभा के तत्वावधान में सिंधु भवन में आयोजित 11 दिवसीय सिन्धी भाषा अध्यापन शिविर का समापन 24 मई को हुआ। 14 मई से चले इस शिविर में बच्चों को सिंधी साहित्य, त्योहारों और वेशभूषा की जानकारी दी गई। समापन पर पूज्य पंचायत अध्यक्ष कैलाश नवलानी ने ज्योत प्रज्वलित की। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अकादमी द्वारा बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र बांटे गए तथा कुशल संचालन के लिए अध्यापिका स्वाति मेघानी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश नवलानी, अनिल मिहानी उपाध्यक्ष, मनीष वसानी सचिव, सोनू परियानी कोषाध्यक्ष, नंद चेलानी सह सचिव, मोहन मोरवानी व अशोक लालवानी संरक्षक, भारतीय सिंधु सभा गोपाल सिद्धवानी अध्यक्ष, गौरव फूलवानी महामंत्री,महिला व युवा शाखा पूनम चेलानी महिला अध्यक्ष, मुकेश खुरानी युवा अध्यक्ष, संगीता चेलानी, सिमरन चेलानी और अनिशा सिंगवानी आदि उपस्थित थे।

वार्ड 34 में नपाध्यक्ष चौरे ने स्वयं कराई पेयजल आपूर्ति, नागरिकों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 34 में पहुंचकर नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी के टैंकरों से स्वयं उपस्थित रहकर पानी बंटवाया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से चर्चा कर उनकी पानी संबंधी समस्याओं को समझा तथा तत्काल पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

नपाध्यक्ष चौरे ने नागरिकों से जल संरक्षण करने, जल का उचित उपयोग करने एवं पानी का दुरुपयोग नहीं करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है ताकि प्रत्येक घर तक सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसी दौरान वार्ड के रहवासी क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा किए जा रहे भूमि की खुदाई कार्य व कच्ची नाली बनाये जाने से उत्पन्न समस्याओं को भी नागरिकों ने अवगत कराया। रहवासियों ने बताया कि घर के सामने खुदाई कार्य के

कारण मकानों के सामने आवागमन सहित अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अध्यक्ष चौरे ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस विषय में रेलवे विभाग के एईएन से चर्चा कर समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया, दिनेश श्रीवास, सूर्यप्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

गंगा दशमी पर नर्मदापुरम पहुंचे राव उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" के माध्यम से जल संरक्षण और जल-संस्कृति बचाने का व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेशभर में तालाब पुनर्जीवन, चेक डैम निर्माण तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। गंगा दशमी के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सभी जल संरचनाओं की सामूहिक सफाई तथा जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सोमवार को नर्मदापुरम पहुंचे। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर अभियान की रूपरेखा और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा कर जल संरक्षण के महत्व बताया ।

तिलक सिंदूर मंदिर' की डॉक्यूमेंट्री के लिए जीता अवॉर्ड

इटारसी के 'इटारसी वाले भैया' का गाडरवारा में जलवा हिस्टोरिकल इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड 2026' में उपलब्धि हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम संभाग के इटारसी शहर ने एक बार फिर कला और डिजिटल क्रिएशन की दुनिया में अपना परचम लहराया है। शहर के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर योगेश दुन्दभी, जिन्हें दर्शक प्यार से 'इटारसी वाले भैया' के नाम से जानते हैं, ने गाडरवारा में आयोजित भव्य 'गाडरवारा हिस्टोरिकल इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड 2026' में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए शहर का नाम रोशन किया है।

300 दिग्गजों के बीच इकलौता प्रतिनिधित्व

बीते दिन, 24 मई को संपन्न हुए इस बड़े प्रांतीय कार्यक्रम में

मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से लगभग 200 से 300 नामचीन इन्फ्लुएंसर्स ने शिरकत की थी। इस विशाल आयोजन में सबसे खास बात यह रही कि पूरे इवेंट में इटारसी शहर का प्रतिनिधित्व करने वाले योगेश एकमात्र इन्फ्लुएंसर थे, जिन्होंने इतनी बड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया।

डॉक्यूमेंट्री को मिला सर्वोच्च सम्मान

योगेश दुन्दभी को यह मुख्य पुरस्कार इटारसी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल 'तिलक सिंदूर मंदिर' पर बनाई गई उनकी शानदार और रिसर्च-बेस्ड शोध-आधारित डॉक्यूमेंट्री के लिए दिया गया। ऐतिहासिक स्थलों पर शानदार डॉक्यूमेंट्री बनाने की श्रेणी में उन्हें 'बेस्ट डॉक्यूमेंट्री' के मुख्य पुरस्कार से नवाजा गया। समारोह के दौरान मंच पर उन्हें ट्रॉफी और सम्मान पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

शहर में जश्न का माहौल

योगेश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से इटारसी के युवाओं, डिजिटल क्रिएटर्स और स्थानीय नागरिकों में खुशी एवं हर्ष का माहौल है और उन्हें इसके लिए लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इस गौरवमयी अवसर पर योगेश ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा उद्देश्य हमेशा से अपने क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास और खूबसूरत स्थलों को डिजिटल माध्यम से पूरी दुनिया के सामने लाना रहा है। यह अवॉर्ड मेरे इसी प्रयास का सम्मान है। इस उपलब्धी से शहरवासीयों में अत्यंत हर्ष का माहौल है ।

जैन साध्वियों की मौत पर जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रीवा मप्र प्रवास के दौरान जैन आर्यिका श्रुतमति माता और उपसममति माता के साथ हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना को लेकर सकल जैन समाज, इटारसी में भारी आक्रोश और शोक व्याप्त है। घटना को संदिग्ध मानते हुए श्री महावीर जैन समिति और सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रेस्ट हाउस में क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से मुलाकात की। समाज ने उन्हें घटना के सीसीटीवी फुटेज दिखाए। नर्मदापुरम-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नाम एक उच्च स्तरीय जांच और संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि संदेश पुरोहित और प्रशासन की ओर से तहसीलदार सुनीता साहनी को दिया गया। घटनाक्रम के फुटेज देखने के बाद प विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को संदिग्ध माना।

खबर संक्षेप

रामेश्वर और पिपलेश्वर महादेव की सुनाई कथा

शाहपुर। नगर में चल रही शिव महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय यज्ञ के अंतर्गत पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी के द्वारा रामेश्वर धाम एवं पिपलेश्वर महादेव घृष्णेश्वर भोलेनाथ की कथाओं का श्रवण भक्तों को करवाया गया। महामृत्युंजय यज्ञ शाला की परिक्रमा के लिए भक्तगण प्रातः से ही पहुंच रहे हैं। महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा की जा रही है। तेज धूप एवं भीषण गर्मी के बावजूद भी भारी संख्या में लोग कथा श्रवण करने के लिए उपस्थित हुए। कथा श्रवण करने आए भक्तों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए प्राचीन मीठे सत्तू का शरबत वितरित गया। पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की कथा का श्रवण करते हुए सभी भक्तों ने पुण्यलाभ अर्जित किया।

बिना परमिट बारात ले जा रही स्कूल बस पकड़ी

बैतूल। ट्रैफिक पुलिस ने बिना वैध परमिट के बारात ले जा रही एक स्कूल बस को पकड़ा है। यह बस कुही क्षेत्र से आ रही थी, जिसे पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान रोक लिया। जांच में बस के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले, जिसके बाद वाहन का पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक इंचार्ज गजेंद्र केन ने बताया कि बारातियों को रास्ते में परेशानी न हो, इसलिए उन्हें इसी बस से दुल्हन के घर भेजा गया है। सुरक्षा और बस की जब्ती सुनिश्चित करने के लिए वाहन के साथ दो सिपाहियों को भी भेजा गया। ये सिपाही बारातियों को उनके गंतव्य तक छोडऩे के बाद बस को वापस थाने लेकर आएंगे। कार्रवाई की जद में आई बस सूखाढाना सारणी स्थित एक निजी स्कूल की बताई जा रही है। जांच के दौरान पुलिस टीम ने बस के फिटनेस, परमिट, बीमा, पैनिक बटन और इमरजेंसी डोर समेत अन्य अनिवार्य मानकों की पड़ताल की। इस दौरान बस चालक वैध परमिट पेश नहीं कर सका, जिसके चलते वाहन मालिक को जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए बैतूल पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस चेकिंग अभियान के तहत जिले में अब तक करीब 40 बसों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

गरीबों के आशियाने ना उजाड़े सरकार: डागा

बैतूल। एक तरफ सरकार विकास और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी तरफ वर्षों से बसे गरीब परिवारों के सिर से छत छीनने की तैयारी की जा रही है। मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित भूमि में आ रहे 70 परिवारों के मकानों को बचाने की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि गरीब परिवारों को किसी भी हालत में बेदखल नहीं किया जाए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने भाजपा सरकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिन परिवारों को वर्षों पहले कांग्रेस की सरकार ने पट्टे दिए, योजनाओं का लाभ दिया और स्थायी रूप से बसाया, आज उन्हीं परिवारों को भाजपा द्वारा उजाडऩे की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित 25 एकड़ भूमि पर करीब 70 परिवार पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। इन परिवारों को प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना और राजीव गांधी आश्रय योजना का लाभ भी मिला था, लेकिन अब सीमांकन के नाम पर उनके घरों पर संकट खड़ा हो गया है। निलय डागा ने कहा कि जिन परिवारों को हटाने की बात हो रही है, वहां सडक़, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं वर्षों से उपलब्ध हैं। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कोसमी, प.ह.न. 30 की शासकीय भूमि खसरा नंबर 48/1, 48/2 एवं 51/3/1 मेडिकल कॉलेज के लिए आवंटित की गई है। इन खसरों की भूमि पर वर्ष 1980 से करीब 70 परिवार पक्के मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। वर्ष 1998 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टे भी आवंटित किए गए थे।

लापरवाही पर ठेकदारों को करें ब्लैक लिस्ट, कोई भी ग्राम सड़क से वंचित न रहें

जनहित के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करें अधिकारी: प्रभारी मंत्री पटेल

समूह जल परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी कार्य पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्माण कार्यों की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को भी दी जाए तथा अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार फीडबैक लेते रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए तथा गंभीर मामलों में ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पेयजल प्रबंधन में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश भी दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, एमपीईबी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे तथा कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत प्रगतिरत सडक़ निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुलताई-बिसाहट-बिरूल बाजार मार्ग में ठेकेदार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पीआईयू अंतर्गत संचालित सांदीपनी स्कूलों के निर्माण कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांदीपनी स्कूलों का निरीक्षण वे स्वयं भी करेंगे। वन विभाग से संबंधित मामलों में समन्वय कर अनापत्ति प्राप्त करने तथा भूमि आवंटन के लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई कर विकास कार्यों हेतु भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासन प्रशासन जनसामान्य के प्रति जिम्मेदार है, ठेकेदारों से अनुबंध की सभी शर्तों का सख्ती से पालन कराया जाए। आवंटन के अभाव में रुके कार्यों को वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए। सेतु निगम अंतर्गत प्रगतिरत पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि सभी कार्य बारिश से पूर्व पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण कार्य प्रस्तावित करने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया जाए।

क्षतिग्रस्त पुल पुनर्निर्माण योजना की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना-4, मुख्यमंत्री मजरा-टोला सडक़ योजना तथा क्षतिग्रस्त पुल पुनर्निर्माण योजना की समीक्षा भी की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कोई भी बसाहट सडक़ संपर्क से वंचित न रहे। निर्माण कार्यों की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विलंब होने पर ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत बैतूल एवं मुलताई डिवीजन में प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा कर प्रभारी मंत्री ने अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीमांकन संबंधी प्रकरणों का भी शीघ्र समाधान करने को कहा गया।

शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने शिक्षा विभाग के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय भवनों तथा शौचालय निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जर्जर स्कूल भवनों की बारिश पूर्व मरम्मत कराने और सभी शौचालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल निगम अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी चार समूह परियोजनाओं में वर्क प्लान के अनुसार माइलस्टोन तय कर कार्य पूर्ण किए जाएं। कार्य में थोड़ी भी देरी होने पर ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा गंभीर लापरवाही पर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वर्धा एवं मेंढ़ा समूह जल प्रदाय योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा सभी परियोजनाओं में समानांतर रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में जल संसाधन विभाग अंतर्गत सीतलझिरी, घोघरी, गढ़ा एवं मेंढ़ा मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि घोघरी जलाशय का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा अन्य परियोजनाओं में तेजी से कार्य जारी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नल-जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने खराब हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत कराने के निर्देश दिए। चिचोली क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम झिरियाडोह, चीरापाटला एवं गवासेन में पेयजल आपूर्ति के लिए किए गए त्वरित प्रयासों की सराहना भी की गई। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने एमपीईबी अंतर्गत एसएसटीडी योजना के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए माथनी सब स्टेशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में की कार्रवाई

किसानों से लाखों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

किसानों से फसल खरीदकर लाखों रुपये का भुगतान नहीं करने वाले आरोपी को नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में थाना मुलताई पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुधीर चौहान पिता धनवंत सिंह चौहान उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बाडेगांव थाना मुलताई अपने साथ 23 अन्य ग्रामीण किसानों के साथ थाना मुलताई पहुंचे और एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में आरोप लगाया गया कि आरोपी रवि गुजरे पिता सेवाराम गुजरे निवासी भगतसिंह वार्ड मुलताई ने किसानों से गेहूं एवं मक्का की फसल खरीदी, लेकिन भुगतान करने में लगातार टालमटोल करता रहा तथा छलपूर्वक किसानों की लगभग 21 लाख 56 हजार 65 रुपये की राशि वापस नहीं की। आवेदन की जांच के बाद थाना मुलताई में आरोपी रवि गुजरे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 401/26 धारा 316(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुलताई कस्बे से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

गंगा दशहरा पर माचना नदी घाट पर चला स्वच्छता व संरक्षण अभियान

नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

बैतूल। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा माचना नदी स्थित दामा दैयत घाट पर विशेष स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत घाट परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही पौधरोपण, जलकुंभी की सफाई एवं जेसीबी मशीन के माध्यम से घाट क्षेत्र की विशेष सफाई कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, वार्ड पार्षद शोभा निरापुरे, ग्रीन टाइगर टीम, सभापति, जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने श्रमदान कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने हेतु निरंतर विभिन्न जन जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके।

अवैध उत्खनन और अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करें: कलेक्टर

खनिज एवं वन की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

बैतूल। खनिज एवं वन विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत अवैध उत्खनन के विरुद्ध पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन विभाग एवं परिवहन विभाग को भी अवैध माइनिंग के विरुद्ध कार्रवाई में सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से भौंरा से चुरना गेट तक सडक़ उन्नयन कार्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय लोगों को जोड़ते हुए क्षेत्र में होमस्टे एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने निर्देश दिए कि रामसर क्षेत्र में चयनित खदानों की नीलामी सुनिश्चित न की जाए। वन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सारणी परिक्षेत्र में चिन्हित अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सडक़ निर्माण से संबंधित अतिक्रमण के मामलों में संबंधित विभागों को राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर कब्जा लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने परिवेश पोर्टल पर वन भूमि संबंधी जानकारी दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। अतिक्रमण प्रभावित मोहदा, सांवलीगढ़ एवं गवासेन क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने पानी की समस्या से प्रभावित वन ग्रामों में पेयजल स्त्रोत विकसित करने के लिए वन विभाग एवं संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध कटाई के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत ग्राम स्तर पर वन अधिकार समितियों द्वारा तैयार किए गए प्रकरणों में शीघ्र आदेश जारी कराने के निर्देश दिए। टिमरनी एवं ग्राम खरवार के लंबित राजस्व प्रमाण पत्र संबंधी मामलों का निराकरण करने को भी कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों के वन विभाग से संबंधित अनुमति प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

---

108 एंबुलेंस की शिकायत मिली तो सम्बन्धित एजेंसी पर होगी कार्रवाई

शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं श्रम विभाग को शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत तहसील बैतूल शहर एवं मुलताई की प्रगति सुधारने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए। उन्होंने नॉन-अटेंडेंट शिकायतों एवं लोक सेवा गारंटी के समय-सीमा से बाहर जाने वाले प्रकरणों में जुर्माना अधिरोपित कर राशि रेडक्रॉस में जमा कराने के निर्देश दिए। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरणों का योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अमले द्वारा प्राथमिकता से निराकरण किए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने टाइम लिमिट एवं जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

108 एम्बुलेंस में शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने जिले में जननी एक्सप्रेस एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं के प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए कहा कि रेस्पॉन्स टाइम त्वरित होना चाहिए तथा दूरस्थ क्षेत्रों में भी एम्बुलेंस सेवाएं बेहतर ढंग से संचालित हों। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ एवं नोडल अधिकारी प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एम्बुलेंस सेवा में एक भी शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी को हटाया जाएगा। वहीं ड्राइवर द्वारा अनावश्यक मांग किए जाने पर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने डीएमएफ एवं अन्य मदों से संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं सेतु निगम को कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा।

जर्जर स्कूल भवन एवं आंगनबाड़ियों0 में शीघ्र कार्य प्रारंभ हो

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जिले में चिन्हित जर्जर स्कूल भवनों एवं आंगनवाड़ियों के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जहां बेंच उपलब्ध नहीं हैं, वहां की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश को लेकर मचा घमासान

निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक से बढ़ी परेशानी, 500 आवेदन अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सांदीपनि विद्यालय जैसी महत्वाकांक्षी शिक्षा परियोजना संचालित की जा रही है। इसी योजना के तहत मुलताई नगर में लगभग 44 करोड़ रुपए की लागत से हिंदी एवं इंग्लिश माध्यम का अत्याधुनिक विद्यालय भवन बनाया जा रहा है, जिसकी क्षमता 2380 विद्यार्थियों की होगी। विद्यार्थियों को दूर-दराज क्षेत्रों से विद्यालय तक लाने के लिए 18 बसों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि बच्चे स्कूल नहीं पहुंचें तो स्कूल बच्चों तक पहुंचे की अवधारणा को साकार किया जा सके। हालांकि यह महत्वाकांक्षी योजना पूरी तरह परवान चढ़ पाती, उससे पहले ही नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विवाद और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। निजी स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगने के कारण सैकड़ों पालक और विद्यार्थी परेशान होकर विद्यालय एवं शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

500 विद्यार्थियों के आवेदन, लेकिन प्रवेश पर रोक

जानकारी के अनुसार सांदीपनि विद्यालय मुलताई में नए सत्र के लिए लगभग 500 विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन किया है। इनमें बड़ी संख्या उन विद्यार्थियों की है जो निजी स्कूलों से अध्ययन कर आगे की पढ़ाई के लिए सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं। लेकिन विद्यालय प्रबंधन ने इन विद्यार्थियों को यह कहते हुए प्रवेश देने से इनकार कर दिया है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा सकता। इस आदेश के चलते स्थिति यह बन गई है कि विद्यालय में सीटें रिक्त होने के बावजूद जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर पालकों में आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

इंग्लिश मीडियम सीटें खाली रहने का खतरा

मुलताई क्षेत्र में इंग्लिश माध्यम की शिक्षा के विकल्प सीमित हैं। सांदीपनि विद्यालय के अलावा क्षेत्र में केवल एक निजी इंग्लिश माध्यम स्कूल संचालित है, जहां से मात्र 20 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। ऐसी स्थिति में बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि यदि निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिलेगा तो सांदीपनि विद्यालय अपनी इंग्लिश माध्यम की सीटें कैसे भरेगा। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक इंग्लिश माध्यम में प्रवेश क्षमता 565 विद्यार्थियों की बताई जा रही है। वर्तमान में यहां 445 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों के बाद यह संख्या और घटने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद रिक्त सीटों पर नए विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा पा रहा है।

प्रवेश को लेकर उपजे विवाद ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की परेशानी भी बढ़ा दी है। पालक लगातार सहायक संचालक, बीईओ तथा विद्यालय प्राचार्य से संपर्क कर अपने बच्चों के प्रवेश की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि शासन के स्पष्ट आदेश होने के कारण वे नियमों का उल्लंघन कर निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर हर पालक को नियमों की जटिलता समझाना भी आसान नहीं हो रहा है। स्थिति यह है कि कई पालकों ने हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से शिकायतें दर्ज कराना शुरू कर दिया है, जिससे शिक्षा विभाग पर अतिरिक्त दबाव बन गया है।

गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई पर संकट

इस पूरे मामले में सबसे अधिक चिंता शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पढऩे वाले विद्यार्थियों को लेकर जताई जा रही है। ज्ञात हो कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कक्षा 1 से 8वीं तक गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दी जाती है, जिसकी फीस का भुगतान शासन द्वारा किया जाता है। लेकिन अब जब ये विद्यार्थी कक्षा 8वीं उत्तीर्ण कर आगे की पढ़ाई के लिए सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश लेना चाह रहे हैं, तब निजी स्कूल से आने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में गरीब परिवारों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि वे निजी स्कूलों की महंगी फीस वहन करने में सक्षम नहीं हैं।

इनका कहना है

शिक्षा पर सभी का समान अधिकार होना चाहिए। बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक विद्यार्थी को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो सके, इसी उद्देश्य से कांग्रेस सरकार ने शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू किया था। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाना शिक्षा अधिकार अधिनियम की भावना के विपरीत है। शासन को नियमों का सरलीकरण करते हुए सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश देने का रास्ता निकालना चाहिए।

- **सुखदेव पांसे**, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष

सहायक संचालक एवं बीईओ मुलताई सक्षम बारमाटे ने बताया कि सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश को लेकर लगातार पालकों के फोन आ रहे हैं तथा कई हेल्पलाइन शिकायतें भी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र भेजा गया है, ताकि इंग्लिश माध्यम की रिक्त सीटों को भरने के लिए उचित निर्णय लिया जा सके।

- **सक्षम बारमाटे** सहायक संचालक एवं बीईओ मुलताई

शासन के आदेश के अनुसार निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगी हुई है, इसलिए विद्यालय प्रबंधन प्रवेश देने में असमर्थ है। लगभग 500 आवेदन प्राप्त हुए हैं सभी सभी आवेदन करता विद्यार्थी निजी विद्यालय के है पूरी स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

- **संदीप गणेशे** प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय मुलताई

खबर संक्षेप

नवांकुर संस्थाओं ने निकाली कलश यात्रा

माखननगर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख के निर्देशन में ब्लॉक के सेक्टर क्रमांक 2 गनेरा आर्यन सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 3 बज्जरवाड़ा लोक कल्याण समिति सेक्टर क्रमांक 4 गुरुदेव शिक्षा एवं समाज समिति गुजर वाड़ा सेक्टर क्रमांक 5 नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति एवं प्रस्फुटन समितियो ने गंगा दशहरा के पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित जिसमे नवांकुर सखियों कलश यात्रा निकाली जल स्त्रोतों का पूजन कर मंदिर परिसर में सुरक्षित स्वच्छता कर श्रमदान किया उपस्थित वक्ताओं ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा जल का सदुपयोग करें एवं जल स्त्रोतों का संरक्षण करें कार्यक्रम में विपिन यादव मनीष चतुर्वेदी निधि राज सिंह यादव राज चतुर्वेदी एवं संस्थाओं के कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।

एक फोन के बाद छात्रों के बदले सुर, जांच के घेरे में ठेकेदार

प्रशिक्षणार्थियों की सेहत से खिलवाड़ दूषित खाने से पांच छात्र हुए बीमार

रविवार रात में कथित दूषित भोजन के कारण पांच प्रशिक्षणार्थी छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। मामले की जांच की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर एमजीएम कॉलेज के बी ब्लॉक में चल रहे एक प्रशिक्षण शिविर में शामिल छात्रों के स्वास्थ्य के साथ बड़े खिलवाड़ का मामला सामने आया है। सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए सौर संकल्प अभियान के तरत 45 दिन का प्रशिक्षण सत्र नर्मदापुरम जिले के इटारसी में आयोजित किया गया है। रविवार रात करीब 10 बजे कथित दूषित भोजन (फूड पॉइजनिंग) के कारण पांच प्रशिक्षणार्थी छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिन्हें आनन-फानन में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को छात्र रीतेश यादव विवेक गौर रोहित यादव विवेक केवट जतिन पटवा द्वारा खाने के बाद उनमें उल्टी ओर डिहाइड्रेशन के लक्षण के बाद उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जिसमें चार छात्रों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी वही एक छात्र की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे भर्ती कर लिया गया है। छात्रों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में उस समय एक संदिग्ध मोड़ आ गया, जब अस्पताल में पहले ठेकेदार पर बदबूदार खाना देने का आरोप लगाने वाले छात्रों के सुर एक रहस्यमयी फोन आने के बाद अचानक बदल गए। यह मुख्यमंत्री मोहन यादव की एक महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना में इस तरह की गड़बड़ी से जाहिर होता है कि अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

हो निष्पक्ष जांच

यह मामला सीधे तौर पर युवाओं के स्वास्थ्य और सरकारी व्यवस्थाओं की शुचिता से जुड़ा है। जिम्मेदार अधिकारियों को इस रहस्यमयी फोन कॉल और खाने के ठेकेदार की लापरवाही की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी छात्र की जान जोखिम में न पड़े।

निरीक्षण के दिन अच्छा खाना, बाकी दिन लापरवाही

छात्रों ने व्यवस्था की पोल खोलते हुए यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जब भी कोई जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण (विजिट) पर आता है, तो उस दिन खाने की गुणवत्ता में अचानक सुधार कर दिया जाता है और अच्छा खाना परोसा जाता है। लेकिन जैसे ही अधिकारी वहां से रवाना होते हैं, खाने का स्तर फिर से बेहद घटिया और दोयम दर्जे का कर दिया जाता है।

आया फोन, बदले बयान

मामले में सबसे बड़ा सवालिया निशान तब खड़ा हुआ, जब अस्पताल में मीडिया और डॉक्टरों के सामने ठेकेदार की लापरवाही उजागर करने वाले छात्रों के सुर अचानक बदल गए। बताया जा रहा है कि घटना के कुछ देर बाद छात्रों के पास कहीं से एक फोन आया। उस कॉल के बाद छात्र कहने लगे कि शायद पानी पीने से तबीयत खराब हुई थी, सिर्फ चक्कर आए थे।

आखिर वह फोन किसका

पहले खाने में गड़बड़ी का खुलकर आरोप लगाने वाले छात्र किसके दबाव में आकर अपने बयान बदलने को मजबूर हुए? क्या व्यवस्था की कमियों और ठेकेदार की लापरवाही को छिपाने के लिए बीमार छात्रों पर प्रशासनिक या अन्य कोई दबाव बनाया जा रहा है?

ठेकेदार ने नहीं सुनी

अस्पताल में भर्ती पीड़ित छात्रों ने शुरुआत में बताया कि उन्हें पिछले छह दिनों से लगातार दूषित और घटिया स्तर का खाना परोसा जा रहा था। वे इसकी शिकायत लगातार कर रहे थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। रविवार रात 8 बजे जब खाना मिला, तो दाल से बदबू आ रही थी। छात्रों ने जब इसकी शिकायत भोजन का ठेका लेने वाले ठेकेदार से की, तो उसने साफ तौर पर अनसुना कर दिया। इसे खाने के बाद छात्रों की तबीयत बिगडने लगी।

इनका कहना है

रात करीब दस बजे पांच प्रशिक्षणार्थी छात्रों को अस्पताल लाया गया था। उन्हें पेट दर्द और लगातार उल्टी की शिकायत थी। शुरुआत में छात्रों ने स्पष्ट तौर पर खाने में गड़बड़ी और दूषित भोजन मिलने की शिकायत की थी। सभी का उपचार किया जा रहा है।

डॉ. विकास जैतपुरिया, ड्यूटी डॉक्टर, शासकीय अस्पताल

नप का निराश्रित मवेशियों को सड़क से हटाने का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सड़कों पर भटकते मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देने का कार्य सोहागपुर नप ने शुरू किया था। कार्य की शुरुआत शुक्रवार शाम से की गई एवं अभी भी मवेशियों को सड़कों से हटा गोशाला में पहुंचिने का कार्य किया जा रहा है।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर में लंबे समय से मवेशियों के सड़क पर भटकने की सूचनाएं मिल रही हैं। जिनके कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में मवेशियों की क्षति हुई है, साथ ही वाहनों एवं नागरिकों की क्षति का सामना भी करना पड़ा है। जिसके चलते निकाय द्वारा शहर के मुख्य तथा अंदरुनी मार्गों पर भटकते मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देने का कार्य शुरू किया जा रहा है। निकायकर्मियों द्वारा गत दिनों में 20 से अधिक निराश्रित मवेशियों को पकड़ा गया है। शर्मा ने बताया कि मवेशियों को सिटियागोहना गांव की गोशाला में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य आगे भी जारी रहेगा।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा हुई प्रारंभ

माखन नगर आवास कॉलोनी महिला मंडल एवं क्षेत्र वासियों द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सोमवार से राधे गार्डन में प्रारंभ हुआ जिसके लिए बालाजी मंदिर से ढोल बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में मातृशक्ति पारंपरिक परिधान में शामिल हुई कथा के पहले दिन व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित अभिषेक तिवारी ने कथा प्रसंग का सुंदर चित्रण वर्णन किया मधुर भजनों पर श्रोता झुम उठे।

हायर सेकंडरी स्कूल बी जमानी के नवीन भवन निर्माण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा तहसील अंतर्गत ग्राम बी जमानी के हायर सेकंडरी स्कूल के नवीन भवन निर्माण को लेकर पूर्व सरपंच शोभा गोस्वामी एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि विजय गोस्वामी ने मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था, पर्याप्त कक्षाओं एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बी जमानी का हायर सेकंडरी स्कूल वर्तमान में भवन की कमी के कारण कई समस्याओं का सामना कर रहा है। पर्याप्त कक्षाओं एवं आवश्यक सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में स्कूल के लिए नवीन भवन निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक माहौल

पूर्व सरपंच शोभा गोस्वामी एवं प्रतिनिधि विजय गोस्वामी ने मंत्री उदय प्रताप सिंह से आग्रह करते हुए कहा कि नवीन भवन निर्माण होने से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों को सुरक्षित परिसर, पर्याप्त कक्षाएं एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक सोच एवं शिक्षा विकास को लेकर संवेदनशील दृष्टिकोण से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा और क्षेत्र में शिक्षा के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

मंत्री से सकारात्मक पहल की उम्मीद

मुलाकात के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर विषय पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों एवं अभिभावकों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही ग्राम बी जमानी के हायर सेकंडरी स्कूल को नवीन भवन की सौगात मिलेगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

शिक्षा विकास को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

ग्राम बी जमानी में स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना समय की आवश्यकता है और नवीन भवन निर्माण से आने वाली पीढ़ियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जन अभियान परिषद की समितियों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की बीजनवाडा पंचायत मे गंगा दशहरा पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। तथा सभी लोगों के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई।जन अभियान परिषद द्वारा चयनित ग्राम प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राहुल कहार एवं मुख्य सचिव शिवम् दुबे सहित विकास खण्ड स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के आसपास गांव में साफ सफाई कराई गई।नदी की साफ सफाई भी कराई गई। पंचायत सचिव प्रेमनारायण सराठे राज ठाकुर शंकर लाल वर्मा सहित पंचम सिंह बैंकर सहित अन्य सभी पदाधिकारिकार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। विशालकाय शोभायात्रा निकाली गई। नर्मदा नदी सहित अन्य सभी नदीयोमे साफ सफाई कराई गई।श्रम दान भी किया गया है।इसी तरह से हथवासमे भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अपनी दुकान बंद कर व्यापारियों ने शराब दुकान हटाने का समर्थन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर ग्राम गनेरा में शराब दुकान हटाने के लिए सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन आंदोलन जारी रहा सोमवार को ग्राम के व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर शराब दुकान हटाने की मांग का समर्थन किया वहीं धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों का पुतला जलाएं धीरे-धीरे शराब दुकान हटाने के लिए आंदोलन उग्र होता जा रहा है हालांकि ग्रामीण शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं प्रशासन की ओर से अधिकारी लगातार आकर समझाइश दे रहे हैं पुलिस प्रशासन का बल मौके मौजूद है सोमवार को एसडीम एसडीओ पी और तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर ग्राम वासियों से चर्चा की लेकिन कोई निराकरण नहीं निकला वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक शराब दुकान नहीं है जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा एस डीओ पी संजू चौहान ने बताया ग्रामीणों द्वारा किए जा रहा है कि धरना प्रदर्शन की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और उनकी मांग से अवगत कराया गया है।

जैन समुदाय ने मौन रैली निकाली ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

रीवा प्रवास के दौरान एक सड़क हादसे में जैन समुदाय के संत शिरोमणि आचार्य श्रुति मति और आर्यिका उपसम का दुखद निधन हो गया।सुत्रोसे प्राप्त जानकारी अनुसार वापस लौटते समय कार क्रमांक एम एच 49सी डी 8309के चालक राशिद अली ने उन्हें टक्कर मारी। हादसे में आर्यिका श्रुत मति का मौक़े पर निधन हो गया।इस घटनाक्रम को लेकर जैन समाज और धार्मिक लोगों ने में आक्रोश है। घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ऐसी मांग ही है।सकल जैन समाज ने मौन रैली निकाली नायब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा गया।

जैन समाज ने साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

रीवा में जैन साध्वी आर्यिका माता के साथ हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के विरोध में बानापुरा एवं सिवनी मालवा के सकल जैन समाज द्वारा विशाल रैली निकालकर साधु-संतों की सुरक्षा की मांग उठाई गई। समाजजनों ने नगर में रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा और जैन संतों की सुरक्षा हेतु ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की।

रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और "साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करो" जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन भी उपस्थित रहे।

रीवा की घटना से जैन समाज में आक्रोश

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के रीवा में हाल ही में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परमशिष्या आर्यिका

श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपशममति माताजी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। हादसा जिला कलेक्ट्रेट के सामने हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों आर्यिका माताजी का निधन हो गया, जिससे देशभर के जैन समाज में शोक और आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने कहा कि साधु-संत पैदल विहार करते हैं और ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन की विशेष जिम्मेदारी बनती है। लगातार हो रही घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और संत समाज की सुरक्षा के लिए स्थायी एवं प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता है।

सुरक्षा के लिए उठाई ठोस मांग

सकल जैन समाज ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की कि जैन साधु-संतों के विहार मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, संवेदनशील मार्गों पर यातायात नियंत्रण किया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

समाज के लोगों ने कहा कि संत समाज अहिंसा, संयम और धर्म का संदेश देता है। ऐसे में उनके साथ होने वाली घटनाएं पूरे समाज की भावनाओं को आहत करती हैं।

बड़ी संख्या में समाजजन रहे उपस्थित

रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में बानापुरा-सिवनी मालवा सकल जैन समाज के पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाजजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आर्यिका माताजी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

खूब तपा और उमसभरा रहा नौतपा का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार से नौतपा प्रारंभ हो गया है तथा नौतपा का पहला ही दिन जमकर तपा है। नागरिकों के अनुसार गर्मी से कहीं अधिक परेशानी मौसम में छाई उमस के कारण हुई।

दोपहर के बाद कुछ हवा जरूर चली, लेकिन वह भी लपट बनकर परेशानी का कारण बनी। नौतपा के पहले ही दिन सड़कें सूनी दिखीं तथा बाइकर्स दोपहर में वृक्षों की छाया तले सुकून तलाशते दिखे।

शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न, संगठन मजबूती व बूथ विस्तार पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर मंडल सिवनी मालवा के अंतर्गत भगत सिंह शक्ति केंद्र एवं सुभाष चंद्र बोस शक्ति केंद्र की संगठनात्मक बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने, "मन की बात" कार्यक्रम के प्रभावी संचालन तथा पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।

बैठकों में कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक जिम्मेदारियों का सक्रियता से निर्वहन करने, आमजन के बीच निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया।

नगर मंडल सिवनी मालवा के भगत सिंह शक्ति केंद्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 की बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार तथा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत, वार्ड क्रमांक 10 पार्षद दुर्गेश उईके, वरिष्ठ नेता प्रेम शंकर वर्मा, तमोली समाज अध्यक्ष राजू जलखरे, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मराज कुचबंदिया, नगर महामंत्री तुषार लोवंशी, एल्डरमेन अभिषेक सोनी, नगर मंत्री चंद्रकांत कुशवाह, मनोज कपिल, अनुज वर्मा, अशोक धाकड़, संतोष साहू, कमलेश जलखरे सहित बड़ी संख्या में बूथ सदस्य एवं शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन समस्याओं को लेकर छावनी अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नगर कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी द्वारा क्षेत्र की ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर कल यानी मंगलवार 26 मई को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारीराहुल गजभिए को दोपहर 12:30 बजे एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इससे पहले, रविवार (17 मई) को स्थानीय होटल ब्लू मून में नगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में पचमढ़ी के नागरिकों को आ रही विभिन्न परेशानियों और जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए गए।

जनता की इन्हीं समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर अब कांग्रेस छावनी प्रशासन का दरवाजा खटखटाने जा रही है। नगर कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने कांग्रेस के सभी विंग्स और कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील की है। माना जा रहा है कि इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस नगर की बुनियादी सुविधाओं और स्थानीय नागरिकों की पेंडिंग समस्याओं को छावनी प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाएगी।

मंगलवार दोपहर 12:30 बजे छावनी परिषद अधिकारी को ज्ञापन दिया जाना तय हुआ है। अतः समस्त नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों, पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षदों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल और सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे ठीक दोपहर 12:00 बजे जवाहर चौक पर अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित हों।

जल गंगा संवर्धन अभियान जारी

नर्मदा के तट पर स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था एवं मां रेवापुर युवा शक्ति संगठन समिति के संयुक्त तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मां रेवापुर (बाबरी)में विशाल गंगा कलश यात्रा एवं मां नर्मदा पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवाओं एवं ग्रामीणजनों ने सहभागिता कर जल संरक्षण एवं नर्मदा स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हनुमान मंदिर, मां रेवापुर बाबरी से कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में कन्याएं एवं महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों एवं जयघोष के साथ शामिल हुईं। यात्रा राधा कृष्ण मंदिर एवं शिव शंकर मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पूजन एवं जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु मां नर्मदा तट रेवापुर (बाबरी) घाट पहुंचे, जहां मां नर्मदा पूजन एवं भव्य महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान नर्मदा तट पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। उपस्थित जनसमूह ने नर्मदा नदी को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं नर्मदा संवर्धन हेतु जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

खबर संक्षेप

तेज आंधी के साथ तेज वर्षा हुई

झिरन्या। सोमवार की सांय करीब पांच बजे से मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी के साथ तेज वर्षा हुई। जिससे नदी-नालों में बाढ़ का पानी आ गया और खेतों में भी पानी भर गया। मौसम में दिन पर से तपन महसूस हो रही थी और बिजली की आंख मिचौनी से ग्रामीण परेशान हो रहे थे। ऐसे में मौसम में बदलाव आया और तेज हवा चलने लगी और मौसम में ठंडक घुल रही थी। यह प्रतिनिधि वातावरण के बदले मिजाज से रूबरू हुआ और नदी-नालों एवं खेतों में भरे पानी को कैमरे में कैद कर लिया। वनग्राम तितरान्या के नाले में बाढ़ का पानी आ गया। जबकि हेलापडावा में इतनी अधिक तेज बारिश थी कि ग्रामीणों को जनहान जगह मिली,वहीं दुबक गए। जबकि समतल क्षेत्रों में वर्षा का नामोनिशान नहीं था। लेकिन तेज हवा-आंधी सी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है।

जिला स्तरीय पशुपालक जागरूकता कार्यशाला 29 को

हरदा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरदा द्वारा दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए एक जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आगामी 29 मई 2026 को दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक इंदौर रोड़ स्थित एल. बी. एस. कॉलेज, हरदा में संपन्न होगी। उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के पशुपालकों को पशु आहार के रूप में साईलेज के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा चारा उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, साईलेज ई-मार्केट प्लेटफार्म और शासन के ह्यगौरस एपह्न के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाएगा। उपसंचालक डॉ. रामटेके ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, दुग्ध सहकारी समितियों के पदाधिकारी और पशुपालन क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक सम्मिलित होंगे।

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में निशुल्क प्रवेश प्रारंभ

सीहोर। के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राऐं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच अथवा मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में प्रवेश ले सकती है। प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया बेवसाईट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। छात्राओं को सर्वप्रथम 29 मई से पहले डॉ बाबा साहब अंबेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अपना पंजीयन कराना होगा।

नर्मदा आंवलीघाट पर की गई साफ-सफाई

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अभियान के अंतर्गत बुधनी जनपद पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नर्मदा आंवलीघाट पर साफ सफाई का कार्य किया गया।
इसके साथ नागरिकों को घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

आरटीओ ने कार्रवाई कर बस जब्त की

चापडा। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में जांच दल द्वारा चापड़ा क्षेत्र में इंदौर-हरदा मार्ग पर संचालित यात्री बसों की जांच की गई। टीम ने आपातकालीन खिड़की को खुलवाकर देखा गया, आपातकालीन खिड़की के समक्ष सीट लगी है या नहीं, ओवरलोडिंग, फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की।

वर्षा से जलमग्न होने वाले स्थानों पर आवश्यक सूचना बोर्ड लगाए जाएं

बरसात के दौरान सभी पुल पुलियाओं पर बैरिकेड व चौकीदार तैनात रहें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में सोमवार को अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये संबंधित विभागों को अभी से तैयारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा गया कि वर्षा से जल मग्न होने वाले स्थानों पर आमजन को सचेत करने वाले सूचना बोर्ड लगाये जाएं। बरसात के दौरान सभी पुल पुलियाओं पर बेरियर लगे हों एवं चौकीदार तैनात रहें। पुल पुलियाएं जल मग्न होने की स्थिति में वाहनों की आवाजाही न हो, इसके लिये संबंधित विभाग सचेत रहें। कहीं भी पुल पुलियाओं पर दुर्घटना की स्थिति न बनें। बैठक में पुलिस अधीक्षक शंशांक, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में निर्देश दिये गये कि पुलिस एवं होमगार्ड के पास उपलब्ध मोटर वोट्स एवं अन्य बचाव सामग्री तैयार हालत में रखी जाए। पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों को बाढ़ से बचाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए। अतिवर्षा के कारण नदी नाले उफान पर होने की स्थिति में इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी जाए। अस्थाई कैम्पों हेतु भवनों का चिन्हांकन एवं आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित की जाए। जर्जर भवनों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए। अतिवर्षा या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की भी कार्य योजना तैयार रहे। सड़क निर्माण से संबंधित विभागों द्वारा पुलों पर यातायात नियंत्रण हेतु बेरियर लगाये जाएं। क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत करवाई जाए। सड़कों पर गड्ढे भी न रहें। खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाये जाएं। परिवहन विभाग द्वारा ओवर लोडिंग पर नियंत्रण किया जाए। पुराने सवारी वाहनों की फिटनेस की जांच की जाए। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की जाए। जल संसाधन विभाग अंतर्गत समस्त बांधो, तालाबों के तटबंधों के संबंध में सुनिश्चित किया जाए कि वे अतिवर्षा अथवा बाढ़ के दबाव को सहन करने में सक्षम हैं। बड़े बांधों से पानी छोड़ने की स्थिति में निचले क्षेत्रों में आवश्यक सूचना प्रदान करने की व्यवस्था तैयार रखी जाए।

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत बाढ़ संभावित क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा एवं दवाईयों की उपलब्धा सुनिश्चित की जाए। सर्पदंश की घटनाओं के दृष्टिगत एंटीवेनम की पर्याप्त उपलब्धता रहे। आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा दलों का गठन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण किया जाए। बीमारियों की रोकथाम के लिये ब्लीचिंग पावडर, क्लोरिन टेबलेट, लाइम पावडर की भी उपलब्धता रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता का परीक्षण कर लिया जाए। साथ ही पेयजल के शुद्धिकरण के लिये इंतजाम रखे जाएं। कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज, कीटनाशक एवं अन्य सामग्री के पर्याप्त एवं सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था की जाए। यथा समय कृषकों को कीट व्याधि एवं अतिवर्षा की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पशुपालन विभाग अंतर्गत चिकित्सकों के दलों का गठन, दवाईयों की उपलब्धता एवं चारे घास का भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पशुओं के उपचार हेतु पर्याप्त औषधियों का भण्डार रखा जाए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा पहुँचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित किया जाए। विद्युत विभाग बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में विद्युत सप्लाई एवं संचार प्रणाली सक्रिय रखने के इंतजाम करें। साथ ही बाढ़ की स्थिति में प्रभावित बस्तियों में पावर कट करने की व्यवस्था भी रखी जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बरसात के दौरान महिलाओं एवं बालकों के स्वास्थ्य शिक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं के संरक्षण की व्यवस्था की जाए। खनिज विभाग द्वारा बंद पड़ी खदानों एवं खनन पश्चात खुले छूटे स्थलों में जल भराव की स्थिति के कारण जनहानि अथवा पशु हानि होने की संभावनाओं के दृष्टिगत इन खुले छूटे स्थलों का प्रबन्धन किया जाए। आपात स्थिति में हेलिकॉप्टर की लेण्डिंग के लिये भी स्थलों का चयन कर लिया जाए।

मानसून के पूर्व नदी नालों की सफाई हो जीर्ण-शीर्ण भवन गिराए जाएं : कलेक्टर

हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आगामी खरीफ सीजन हेतु उर्वरक के अग्रिम उठाव के लिये किसानों को अभी से प्रेरित किये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि सभी सहकारी समितियों में उर्वरक का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध रहे। जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों की समितियों में पर्याप्त उर्वरक भण्डारित कराया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि मानसून आने के पूर्व ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवश्यक त्यारियां कर ली जाएं। शहरी बस्तियों के अंदर नदी नालों की सफाई की जाए। इसके साथ ही जीर्ण शीर्ण मकानों को चिन्हित कर उनको गिराया जाए। सभी नगरीय क्षेत्रों में अधिक से अधिक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं तैयार करवाई जाएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि टिमरनी में बस स्टेण्ड पर ही सवारी बस रूकें, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में बगैर भवन अनुज्ञा के कोई भवन का निर्माण न हो, इसके लिये भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिम्मेदार रहें। आंगनबाड़ी केन्द्रों के परिसर में बनाई गई पोषण वाटिकाओं में रोपे गये पौधों में पानी देने की व्यवस्था करने के लिय भी सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देश दिये गये। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, राजस्व विभाग एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की भी समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू सहित अन्य उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल संवाद, स्रोत पूजन किया श्रमदान व कलश यात्रा निकाली

हरदा। जिले में जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा विकासखंड के ग्राम हंडिया में गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्थान द्वारा जल स्रोत पूजन, जल संवाद एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर जन अभियान परिषद की ग्राम प्रस्फुटन समिति गौला, बागरूल, बेसवा, पचौला सहित 25 ग्रामों में नवांकुर संस्था ग्रामीणो विकास समितियों के द्वारा जल नर्मदा पूजन कर कन्याओं एवं ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ग्राम के मुख्य घाट से होते हुए रिद्धनाथ मंदिर पहुंची। यहां पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया इसके पश्चात जल संरक्षण की शपथ ली गई तथा जल संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मंजू प्रभुदयाल धनगर व साध्वी आरती दीदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण तथा प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं जीर्णाद्धार कर पुनर्जीवन प्रदान करने हेतु ग्राम वासियों से अनुरोध किया।

नवांकुर संस्था से अशोक धनगर एवं मेंटर राधेश्याम विश्वकर्मा ने भी जल संरक्षण एवं पुराने जल स्त्रोतों को बचाने तथा पुनर्जीवित करने हेतु ग्राम वासियों से अनुरोध किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप जिला समन्वयक संदीप गौहर, विश्वजीत पाटीदार, एई जनपद, मनरेगा अधिकारी दीपक चौरे, विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

अजनाल नदी तट पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान

सोमवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर हरदा में स्वच्छता के लिये श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत हरदा शहर की जीवनदायिनी अजनाल नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकत्रित होकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। नदी तट को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह और मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के अमले और स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नदी के घाटों और आसपास के परिसर से कचरा हटाकर साफ-सफाई की गई।

जैन संतों की सुरक्षा को लेकर सकल जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

स्थानीय सकल जैन समाज द्वारा सोमवार को जैन संतों एवं साध्वियों की पद-विहार के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया गया। इस दौरान रीवा में हुई दुखद घटना के विरोध में समाजजनों ने जैन मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक मौन जुलूस निकालकर श्रद्धांजलि एवं विरोध प्रकट किया। मौन जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। महिलाएं, युवा एवं वरिष्ठजन शांतिपूर्ण ढंग से हाथों में ज्ञापन लेकर जैन संतों की सुरक्षा संबंधी मांगों के समर्थन में शामिल हुए। जुलूस जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहां प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जैन संत-साध्वी भारतीय संस्कृति में त्याग, तपस्या और अहिंसा के जीवंत प्रतीक हैं। वे आजीवन पैदल विहार करते हुए धर्म एवं मानवीय मूल्यों का संदेश देते हैं, किंतु लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से उनकी सुरक्षा को लेकर समाज में चिंता व्याप्त है। समाजजनों ने हाल ही में रीवा में पूज्य साध्वियों के साथ हुई दुखद दुर्घटना का उल्लेख करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर पद-विहार करने वाले जैन संतों की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था, सुरक्षा गाइडलाइन, चेतावनी संकेतक एवं पायलट वाहन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि संतों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानून बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर चंपालाल भंडारी, रमेशकुमार जैन, मनोज जैन, अनिल मुणोत, ज्ञानचंद मेहता, इन्दरचंद श्रीमाल, कैलाशचंद जैन, विनोद जैन, विवेक जैन,धनंजय जैन, अनूप जैन,विक्रम नागड़ा,संजीव बबलू जैन, आशीष समदड़िया, सुरेखा सेठी, गुंजन जैन,विनीता जैन,कामिनी जैन,दीपा जैन,रश्मि जैन,सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

अहिंसा के पथ पर चलने वाले संतों की सुरक्षा राष्ट्रीय मुद्दा बनेः समाजजन

जैन समाजजन ने आर्यिका माता दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष जांच और संत सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में जैन आर्यिका माता के साथ हुई दुखद दुर्घटना के बाद जैन समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है। समाजजन लगातार घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा देशभर में पैदल विहार करने वाले सर्व समाज के साधु-संतों की सुरक्षा के लिए स्थायी एवं प्रभावी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में श्री दिगंबर जैन संस्था हरदा एवं राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान समिति के तत्वावधान में जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा गया। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विहाररत साधु-संत किसी प्रकार की सुरक्षा, वाहन अथवा भौतिक सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा पूर्णतः अहिंसक एवं निहत्थे रहकर समाज को संयम, सदाचार और शांति का संदेश देते हैं। ज्ञापन में केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के पैदल विहार करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों से ह्यराष्ट्रीय संत सुरक्षा नीतिह्व बनाने की मांग भी की गई।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संत-महात्मा आत्मरक्षा के साधनों का उपयोग नहीं करते तथा अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलते हैं, इसलिए उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखकर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई और कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। ज्ञापन के दौरान सुरेन्द्र जैन, महेंद्र अजमेरा, अनूप बजाज, स्वदेश गंगवाल, मुकेश बकेवरिया, सरगम जैन, सचिन सिंघई, प्रदीप अजमेरा, संजय जैन, अर्पित लहरी, हेमंत जैन, मीरा जैन, राजुल फणिश, चेतन लहरी, पंकज जैन, रितेश जैन, सिद्धार्थ कटनेरा, गौतम जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

दिगंबर जैन मंदिर में वाचना आयोजित

साधु-संतों की सुरक्षा और बड़ों का सम्मान करने वाला घर मंदिर के समान : विशेषसागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित ग्रीष्मकालीन वाचना के दौरान उपाध्यायश्री 108 विशेषसागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक जीव अपने शुभ और अशुभ कर्मों का स्वयं कर्ता और भोक्ता होता है। मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि ह्लबोए बीज बबूल का, आम कहाँ से होयह्व की कहावत आज भी पूरी तरह सार्थक है। व्यक्ति बबूल का बीज बोकर आम की अपेक्षा करता है, जबकि कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है। उपाध्यायश्री ने कहा कि व्यक्ति जीवन में सुख और शांति चाहता है, लेकिन उसके कर्म अक्सर इसके विपरीत होते हैं। वह लाभ की कामना तो करता है, किंतु शुभ कार्य करने से बचता है। उन्होंने कहा कि शुभ कार्य करते रहना चाहिए और लाभ की चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे भावों का फल कभी बुरा नहीं होता और बुरे भावों का फल कभी अच्छा नहीं हो सकता।

उन्होंने आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि यदि आत्मा का कल्याण चाहते हैं तो आज और अभी से दूसरों को दोष देना बंद कर दें। जिस द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव में जो होना है, वह होकर ही रहेगा, इसलिए अनावश्यक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उपाध्यायश्री ने कहा कि समाज का परम कर्तव्य है कि वह उन साधु-संतों की रक्षा और सेवा करे, जिन्होंने आत्मकल्याण, जिनशासन की प्रभावना और संरक्षण के लिए घर-परिवार का त्याग कर मोक्षमार्ग को अपनाया है। वे पदविहार करते हुए निस्वार्थ भाव से स्वयं के साथ-साथ समाज के कल्याण का कार्य भी करते हैं।उन्होंने साधु और श्रावक के संबंध को एक गाड़ी के दो पहियों के समान बताते हुए कहा कि साधु साधना करते हैं और श्रावक उनकी साधना में सहयोग प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे जीवन पर्यंत त्रिलोक पूज्य साधु-साध्वियों की रक्षा और सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत क्षुल्लकश्री विश्वोतीर्णसागर महाराज द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई, जिसके पश्चात धर्मसभा का शुभारंभ किया गया।

गंगा दशहरा पर जल संवाद, जल स्रोत पूजन व कलश यात्रा का आयोजन किया

रहटगांव। टिमरनी विकासखंड के ग्राम रहटगांव में गंगा दशहरा के अवसर पर नवांकुर रहटगांव लक्ष्य संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल स्रोत पूजन, जल संवाद, श्रमदान एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया।इसी अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक संदीप गोहर एवं अनुपम भारद्वाज के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जल स्रोत पूजन से हुई। इसके पश्चात कन्याओं एवं ग्रामीणों के साथ कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होती हुई राधाकृष्ण मंदिर पहुंची, जहां पीपल के वृक्ष का जलाभिषेक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।तत्पश्चात ग्राम पंचायत भवन में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रहटगांव लक्ष्य संस्था के सदस्यों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्रामीणों से पुराने जल स्रोतों को बचाने, उनका संरक्षण करने एवं पुनर्जीवित करने का आह्वान किया गया। नवांकुर संस्था के विनोद चौहान, राहुल साकल्ले एवं रोहित गौर ने भी ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमला गौर, वर्षा बावने, ज्योति, सोनू लखेरा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जनता खुद को ठगा महसूस कर रही

कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में समस्याओं को लेकर जमकर गरजे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

नगर परिषद के विरुद्ध विभिन्न समस्याओं के संबंध मे धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। पूर्व मे दिए गए ज्ञापन मे समय सीमा तक परिषद ओर प्रसासन ने उदासीनता दिखाई इनकी उदासीनता के चलते कांग्रेस पार्टी नगर वासियों की समस्या के लिए मैदान मे आई। इस धरना प्रदर्शन मे क्षेत्रीय विधायक डॉ रामकिशोर दोगने जमकर बरसे। इस दौरान ने उन्होंने कहा की यह ट्रिपल इंजन की सरकार की नाकामी का सबसे अनुपम उदाहरण है। तीन चौथाई पार्षद भाजपा के अध्यक्ष भाजपा का प्रदेश मे सरकार केंद्र मे सरकार ओर तीस हजार की आबादी के शहर ने जिस उम्मीद से भाजपा को बहुमत दिया था। आज जनता खुद को ठगा हुआ महसूस क़र रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहन साईं ने कहा की खिरकिया नगर परिषद ने भ्रष्टाचार का नया अध्याय लिख दिया। शहर आज भी विकास का इंतजार क़र रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने जो मांग रखी थी वो पूरी नही हुयी तब हमे इस धरने के लिए बाध्य होना पड़ा। अगर हमारी मांगो का आगामी आठ दिनों मे जल प्रदाय व्यवस्था सफाई व्यवस्था छीपाबड़ शौचालय का निराकरण नही हुआ तो नगर परिषद का घेराव किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी अनिश्चित काल के लिए धरने पर बैठेगी। जिला प्रभारी रचना जेन ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी विधायक प्रतिनिधि दुर्गादास पाटिल आशुतोष कोठारी ने भी सम्बोधित किया। शहर अध्यक्ष असलम पठान, मंजीत बघेल, लोकेश जयसवाल, गोल्डी कुशवाह, भूपेंद्र राजपूत, देवेंद्र राजपूत, सुगन चंद्र भंडारी, सूरज सिंह राजपूत, हार्दिक जायसवाल, सुमित सोनकर, नरेंद्र आठनेरे, हरी कपूर, जावेद खान, चम्पालाल भंडारी, नरसिंह ओझा, वंदना मलखान इरलावत मौजूद रहे।